**प्रेस नोट** **08/09/2023**

**07 सितम्बर 2023 श्रीकृष्ण जन्माष्टमी त्योहार के अवसर पर सायंकाल रिजर्व पुलिस लाईन मऊ प्रांगण में वृहद सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया तथा पुलिस लाईन सहित जनपद के सभी थानों पर जन्माष्टमी त्योहार परंपरागत रीति–रिवाज के अनुरुप हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।**

सांस्कृतिक समारोह आयोजन के क्रम में जनपद मऊ के विभिन्न स्कूल/कालेजों के बच्चों व अन्य लोगों द्वारा कुल 24 मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसमें किड्स केयर इंटरनेशनल स्कूल, लिटिल फ्लावर, डानवास्को पब्लिक स्कूल, कल्पनाथ राय इंटरनेशनल स्कूल, नवल नेशनल एकेडमी दोहरीघाट, देव पब्लिक स्कूल, अमृत पब्लिक स्कूल व पुलिस परिवार के बच्चों एवं महिला आरक्षियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सम्बोधित करते हुये बताया गया कि हम सभी को कन्हैया के जीवन से सीख लेने की जरुरत है जो जन्म की रात से लेकर अंत तक कठिन संघर्षों व कष्ट एवं चुनौतियों से भरी हैं। हम अपने जीवन में निर्भीक रहें, निरबैर रहें, मानव जाति सहित सभी प्राणियों से प्रेम करें, स्वयं तथा अपने आस–पास स्वच्छता बनाये रखें इत्यादि हमें अपने जीवन शैली में अनुकरण करना चाहिए। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण के क्रम में विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग किये गये बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान मा0 जिला न्यायाधीश, पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अविनाश पाण्डेय, वामा सारथी अध्यक्षा श्रीमती श्वेता पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्री, क्षेत्राधिकारीगण, सम्मानित मीडिया के बंधु, श्री शैलेन्द्र मिश्र, डॉक्टर जे पी त्रिपाठी, डॉक्टर एस सी तिवारी,डा0 संजय सिंह, डा0 एस0के0 सिंह0 व भारी संख्या में आये स्कूल/कालेजों के बच्चे/अध्यापकगण, पुलिस परिवार एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।